प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

10.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

बैठक

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने सामाजिक सुरक्षा क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता दी है और समाज के कमजोर वर्गों का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए सृजित अतिरिक्त संसाधनों का 30 प्रतिशत इस क्षेत्र पर व्यय करने का निर्णय लिया है। वे सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग की विभिन्न योजनाओं की बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने विभाग को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के दृष्टिगत आवेदन करने के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म विकसित करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री समीक्षा

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बिलासपुर में आयोजित होने वाली रैली की तैयारियों को लेकर समीक्षा की। उन्होंने जिला प्रशासन को इस रैली के लिए समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समारोह का आयोजन 'व्यवस्था परिवर्तन से आत्मनिर्भर हिमाचल' थीम पर किया जाएगा। इस दौरान छह नई योजनाएं शुरू की जाएंगी।

भाजपा विधायक दल

भाजपा विधायक दल की बैठक आज शिमला में आयोजित होगी। बैठक की अध्यक्षता नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर करेंगे। बैठक में भाजपा प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल एवं प्रदेश महामंत्री सिद्धार्थन विशेष रूप में उपस्थित रहेंगे। भाजपा नेताओं ने कहा कि इस बैठक में प्रदेश सरकार के 2 वर्षों के असफल कार्यों को लेकर चर्चा होगी। इसके अलावा बैठक में धर्मशाला में होने वाले विधानसभा के शीतकालीन सत्र को लेकर रणनीति भी तैयार की जाएगी। इससे पहले भाजपा सरकार के दो साल के कार्यकाल के खिलाफ शिमला में आक्रोश रैली निकालेगी।

राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली् में मानवाधिकार दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करेंगी।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने कहा है कि इस वर्ष मानवाधिकार दिवस के कार्यक्रम के बाद एक दिन का राष्ट्रीय सम्मेलन होगा, जिसका विषय है– मानसिक सेहत– कक्षा से कार्यस्थल तक तनाव से निपटना।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बीते दिनों हुए हिमपात के बाद पूरा प्रदेश ठंड की चपेट में है। शिमला ज़िले के उपरी इलाकों में हुई बर्फबारी से यातायात प्रभावित हुआ है। इस बीच बीती रात अटल टनल धुंधी के समीप बर्फबारी के कारण लाहौल की तरफ से आ रहे लगभग 100 वाहन फंस गए जिन्हें मनाली पुलिस द्वारा देर रात सुरक्षित मनाली पहुंचाया गया। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि इन वाहनों में 500 के लगभग पर्यटक थे। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन–चार दिन तक मौसम आमतौर पर साफ रहेगा।

सुर्खियां समाचार पत्रों से .........

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने मुख्यमंत्री के बयान को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। अमर उजाला की सुर्खी है बिलासपुर से कल छह नई योजनाएं शुरू करेंगे मुख्यमंत्री। दैनिक जागरण का शीर्षक है बजट में विशेष बच्चों के लिए लाएंगे नई योजना। दैनिक सवेरा टाइम्स के अनुसार अगले वित्त बजट में विशेष बच्चों के कल्याण के लिए लाई जाएगी नई योजना।

हिमाचल दस्तक की एक खबर है स्कूलों में डीसी देंगे मॉनसून और विंटर ब्रेक। दैनिक भास्कर के शब्द हैं स्कूलों में अब 52 दिनों की होगी छुट्टी, विंटर ब्रेक एक जनवरी से 11 फरवरी तक। दिव्य हिमाचल के अनुसार स्कूलों में मौसम का मिजाज देख मिलेंगी छुट्टियां।

सीएम बजट तैयारियों में व्यस्त, तबादलों पर लगा रहेगा प्रतिबंध शीर्षक से पंजाब केसरी लिखता है विशेष परिस्थिति में ही मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप पर हो पाएंगे तबादले।

आपका फैसला की एक खबर है हिमाचल में बर्फबारी से 87 सड़कें और 4 सौ 57 बिजली ट्रांसफार्मर ठप।